अमर उजाला 09/02/2025

कॉलेज में पूल कैंपस ड्राइव 11 को

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में 11 फरवरी को पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन होगा। इसका आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निर्देश में किया जा रहा है।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस ड्राइव का उद्देश्य अंबाला के शिक्षित युवा वर्ग को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार की पूल ड्राइव से छात्रों को सही अवसर मिलते हैं।

डॉ. रोहित दत्त।

पूल ड्राइव में शामिल होने से छात्रों को बाहरी दुनिया में होने वाली प्रतिस्पर्धा का पता चलता है। इस ड्राइव में जानी मानी कंपनियां जस्ट डायल, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, थिंक नेक्स्ट, एसबीआई लाइफ, इंडोवेस्ट, स्टीफेन टेक्नोलॉजी और एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी आ रही हैं।

इस ड्राइव में भाग लेने के लिए छात्र स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास सभी विद्यार्थी योग्य हैं। इसमें गांधी नेशनल मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थी ही नहीं बल्कि किसी भी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से पास हुए विद्यार्थी इस निशुल्क भाग ले सकते हैं।

स्वयं प्रमाणन शिविर कल से :

नारायणगढ़। नगर पालिका में सोमवार से प्रति कार्यालय दिवस में प्रॉपर्टी आईडी के स्वयं प्रमाणन शिविर का आयोजन होगा। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया 10 फरवरी से सभी शहरवासी नगरपालिका कार्यालय में आकर अपनी संपत्तियों के रिकॉर्ड को दुरुस्त करवा सकते हैं। साथ ही वह अपनी संपत्तियों को प्रमाणित भी करवा सकते हैं। संवाद